कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–6/राधि/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत प्रिया खण्डेलवाल व्याख्याता, राजनीति विज्ञान राउमावि बीलवा, जयपुर का स्थानांतरण राउमावि टोडा नगर,लक्ष्मणगढ, अलवर किया गया। प्रिया खण्डेलवाल ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर अपील संख्या 2890/2019 प्रिया खण्डेलवाल बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 2890/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 22.10.2019 द्वारा अपीलार्थी प्रिया खण्डेलवाल को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा अभ्यावेदन प्राप्त होने पर निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण निर्णय के क्रम में अपीलार्थी प्रिया खण्डेलवाल द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं की पुत्री के दिल में जन्म से ही छेद होने तथा लगातार ईलाज जयपुर में चलने के कारण एवं स्थानान्तरित स्थान 150 किमी दूर स्थित होने के आधार पर अपना पदस्थापन शहीद मेजर आलोक माथुर राउमावि झोटवाडा जयपुर अथवा सांगानेर (जयपुर) के आसपास रिक्त पद की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन का गहनता से परीक्षण व मनन किया गया। अपीलार्थी की पुत्री की प्रतिकूल स्वास्थ्य परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि मालावाला, जमवारामगढ, जयपुर (08120712101) व्याख्याता राजनीति विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/अभ्यावेदन/स्थानांतरण/को.के/19–20 दिनांकः– 18 /11/2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा.........................।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा जयपुर
4. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) ....।
5. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि. ....।
8. गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर